# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर का किया शुभारम्भ। कहा– ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रतिफल है यह हॉस्पिटल।
- प्रदेश के दस लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शुरू होगा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान।
- काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ पर आज से प्रदेश में होंगे विविध कार्यक्रम। काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस चलाकर रेलवे, युवाओं को करेगा प्रेरित।
- पेरिस ओलम्पिक में भाला फेक प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा ने हासिल किया सिलवर। स्पेन को हराकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने जीता कांस्य पदक।

**********

लखनऊ में कल हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू अब धरातल पर उतरकर भविष्य की बेहतर तस्वीर पेश कर रहे हैं। यह तीन सौ बेड वाला सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश में पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों के साथ ही प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। वर्ष दो हजार बाइस में इन्वेस्टर्स समिट के दौरान ही हॉस्पिटल को लेकर एमओयू हुआ था और दो सौ करोड़ रुपये की लागत से रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण कर के इसे जनता को समर्पित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि–

***पहले इंवेस्टर्स समिट में हमें 4 लाख रुपये के प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए, लेकिन जब दूसरा इंवेस्टर्स समिट फरवरी 2023 में किया ये चार लाख से बढ़ करके 40 लाख तक पहुंच गया। 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश, देश के अंदर इंवेस्टर्स समिट कैसे होने चाहिये, उनके लिये भी एक मानक बना। निवेश छोटा हो या बड़ा हमारे लिये केवल निवेश नहीं है वो विकास का द्वार खोलता है, वह युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ने के लिये नया पंख देता है, उन्हें रोजगार के साथ जोड़ता है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में अभियान के संबंध में एमएसएमई विभाग के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए कहा कि यह योजना, स्वरोजगार सृजन के प्रयासों में बड़ी भूमिका निभाने वाली होगी। बैठक में प्रमुख सचिव, एमएसएमई ने मुख्यमंत्री को बताया कि अभियान के तहत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को बैंकों से ऋण दिलाकर वित्तीय अनुदान दिया जाएगा, जिससे प्रतिवर्ष एक लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित हो सकेंगे। इस प्रकार आगामी दस वर्षों में दस लाख युवा स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत सामान्य वर्ग के अलावा, ओबीसी, महिला, दिव्यांगजन और एससी, एसटी के पुरुषों के साथ ही महिलाओं को उद्यम स्थापित करने पर अनुदान देने का प्रावधान किया जाय। साथ ही, मार्जिन मनी पर भी सब्सिडी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के सही क्रियान्वयन और लगातार मॉनिटरिंग के लिए आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो की तर्ज पर हर जिले में योग्य युवाओं की तैनाती की जाए।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस को संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए कहा कि सरकार प्रस्तावित कानून की आगे की जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास इस विधेयक के बारे में छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। इससे पहले श्री रिजिजू ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य धार्मिक निकाय के कामकाज में हस्तक्षेप करना नहीं है। इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के वंचित और गरीब वर्गों को न्याय प्रदान करना है। श्री रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्डों से संबंधित लगभग बारह हजार मामले लंबित हैं और इस विधेयक में ऐसे मामलों को छह महीने में निपटाने का प्रावधान है। इससे पहले कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार, वामपंथी और अन्य दलों ने विधेयक का विरोध करते हुए इसे संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बताया।

**********

प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ पर आज से सभी जिलों में विभिन्न आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर वर्तमान और भावी पीढ़ी को काकोरी व स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा से प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए स्कूली बच्चों, किशोर और युवाओं की सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, रेलवे के सहयोग से काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस भी चलाई जाएगी। बारह बोगी वाली यह ट्रेन आगामी दो माह तक विभिन्न जनपदों और नगरों का भ्रमण करेगी। इसमें काकोरी शौर्यगाथा पर आधारित सचल प्रदर्शनी

होगी। काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस का प्रत्येक जनपद में दो दिन तक पड़ाव रहेगा। इस दौरान स्कूली बच्चों को ट्रेन में सचल प्रदर्शनी दिखाई जाएगी। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष पर विशेष डाक टिकट के साथ ही मोटरसाइकिल रैली, छः दिवसीय स्मरण उत्सव मेला, वीरों और शहीदों के परिजनों का सम्मान, राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम की अभिलेख प्रदर्शनी और शहीद स्मारकों, अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं में सौ–सौ पौधे लगाये जायेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सभी परिषदीय स्कूलों में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी कार्यक्रम साल भर तक आयोजित किये जायेंगे।

**********

टोक्यो ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलिम्पिक में कल पुरूषों की भाला फेक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर के चांदी पर कब्जा जमाया। उन्होंने नवासी दशमलव चार–पांच मीटर दूर तक भाला फेक कर यह मुकाम हासिल किया। वहीं, भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने स्पेन को दो–एक से हराकर कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

उधर, विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वज़न बढ़ने के कारण अयोग्य घोषित किये जाने के बाद कल कुश्ती से सन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

**********

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कल लखनऊ के डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसका शुभारम्भ इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क के निदेशक बीएन रामकृष्ण ने किया। इस मौके पर श्री रामकृष्ण ने कहा कि चंद्रयान 3 को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार देने की घोषणा बड़ी उपलब्धि है। पहले चंद्रयान, उसके बाद दो और अभियान के बाद यह सफलता मिली है। हमने इस दौरान कमियों को दूर किया है।

एकेटीयू में आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के बारह सौ छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें सिटी मांटेसरी स्कूल पहले स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल दूसरे और लखनऊ पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

**********

अब बैंकों में कुछ ही घंटों में चेक क्लियर हो जायेंगे। आरबीआई गवर्नर शशिकान्त दास ने कहा कि अब चेक को स्कैन कर के क्लियरेंस के लिये भेजा जायेगा और कार्य दिवस के कुछ घंटों में ही चेक क्लियर हो जायेगा। इस सम्बन्ध में आबीआई जल्द ही विस्तृत निर्देश जारी करेगा। श्री दास ने कहा कि आरबीआई, यूपीआई भुगतान का दायरा बढ़ाना चाहता है। अब यूपीआई से पांच लाख रूपये तक के टैक्स का भुगतान किया जा सकेगा। अभी एक लाख रूपये तक के ही टैक्स का भुगतान किया जा सकता है। इससे कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**********

प्रदेश सरकार तेरह से पन्द्रह अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन कर रही है। सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पांच से दस प्रतिशत अधिक तिरंगे फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। उधर, प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्कूल–कॉलेजों में हर घर तिरांगा अभियान के तहत कल स्लोगन, पेंटिंग और वाद–विवाद सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**********

प्रदेश भर में नाग पंचमी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में श्रद्धालु नाग देवता और भगवान शिव का पूजन कर के श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं। वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ, कैथी में मारकण्डेय महादेव, अयोध्या में नागेश्वरनाथ, गोरखपुर में झारखण्डी महादेव, बाबा मुंजेश्वरनाथ, देवरिया में दुग्धेश्वरनाथ, महेन्द्रानाथ सहित विभिन्न जिलों के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये कड़े इंतजाम किये गये हैं। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाग पंचमी के मौके पर प्रदेश वासियों को बधाई दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश मे कहा है कि नाग पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ जुड़ाव का प्रतीक है।

**********

पहाड़ों पर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा नदी, बलिया और घाघरा नदी बाराबंकी में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। इसके अलावा गंगा नदी बदायूं, शारदा नदी लखीमपुर खीरी और घाघरा नदी अयोध्या और बलिया में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे हैं।

**********